अब नपा और नप अध्यक्ष का चुनाव सीधे वोटर करेंगे

खास बातें
- विधानसभा के अगले सत्र में पेश होगा विधेयक
- कैबिनेट ने विधेयक को दी मंजूरी

चुनाव सीधे मतदान से होगा और वोटर अपने अध्यक्ष के चुनाव के लिये मतदान में हिस्सा ले सकेंगे. अभी केवल महापौर के लिये ही प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली लागू है.

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 25 नवंबर. अब नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष का चुनाव सीधे वोटर करेंगे. अब चुने हुए पार्षदों के बीच से अध्यक्ष का चुनाव नहीं किया जाएगा. राज्य सरकार अब पहले की व्यवस्था में बदलाव करने जा रही है.

मंगलवार को कैबिनेट ने नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं द्वारा कराए जाने संबंधी विधेयक को मंजूरी दे दी है. अब विधेयक को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा. सदन में पारित होने के बाद इसे मंजूरी के लिये राज्यपाल को भेजा जाएगा, राज्यपाल की हरी झंडी मिलते ही विधेयक अधिनियम का रूप ले लेगा और फिर कानून के रूप में प्रदेश में लागू हो जाएगा. अधिनियम बनने के बाद से ये तय हो जाएगा कि अगले नगरीय चुनान नए कानून के मुताबिक ही होंगे. यानी नगर पालिका अध्यक्ष और नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव सीधे मतदान से होगा और वोटर अपने अध्यक्ष के चुनाव के लिये मतदान में हिस्सा ले सकेंगे. अभी केवल महापौर के लिये ही प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली लागू है.

यहां बता दें कि प्रदेश में वर्ष 1999 से 2014 तक नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं द्वारा कराए जाते थे, लेकिन बाद में कमलनाथ सरकार ने इस व्यवस्था को बदल दिया था. इस कारण वर्ष 2022 में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से वार्डों के निर्वाचित पार्षदों के द्वारा कराए गए थे, लेकिन अब एक बार फिर व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है.यहां बता दें कि प्रदेश में इस समय 99 नगर पालिका और 298 नगर परिषद कार्यरत है.

कटारा-बर्रई में स्टेडियम और कजलीखेड़ा में नया थाना बनेगा

भोपाल. राजधानी के लिये मंगलवार का दिन सौगातों भरा रहा. राजधानी को एक नहीं बल्कि आधा दर्जन बड़ी सौगातें मिली. हुजूर विधानसभा क्षेत्र के कटारा-बर्रई वार्ड नं. 85 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम से बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम बनेगा. वहीं श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर यानी कोलार में 16 एकड़ भूमि पर नया दशहरा मैदान बनाया जाएगा, इतना ही नहीं कोलार में बेहतर कानून व्यवस्था के लिए कजलीखेड़ा में नया थाना भी बनेगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह घोषणा मुखर्जी नगर कोलार के बंजारी क्षेत्र में आयोजित विकास पर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए की. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गुंडे-बदमाशों पर नकेल कसने के लिए सरकार सख्त कार्यवाही कर रही है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल शहर के प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम पर 7 भव्य द्वार तैयार किए जाएंगे.

8 और 9 को खजुराहो में रहेगी सरकार

भोपाल. मप्र सरकार 8 और 9 दिसंबर को खजुराहो में रहेगा. इन दो दिनों में जहां कैबिनेट की बैठक होगी, वहीं सभी विभाग सरकार की कसौटी पर परखे जाएंगे और उनका रिव्यू होगा. अगले माह सरकार 13 दिसंबर को सरकार के दो वर्ष पूरे हो रहे हैं. दो वर्ष पूरे होने से पहले सरकार अब आने वाले समय के लिये सरकार के रोडमैप पर विचार करने के साथ ही नये लक्ष्य भी तय करेगी और उन लक्ष्यों को हासिल करने का समय भी निर्धारित करेगी.

अमृत 2.0 प्रोजेक्ट से 7 लाख लोगो को फायदा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 29 करोड़ रुपए की लागत से कटारा-बर्रई में नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिकतम शिक्षा सुविधा और संसाधन उपलब्ध होंगे. मुख्यमंत्री ने बताया कि आज 155 करोड़ रुपए की लागत से अमृत 2.0 परियोजना के विभिन्न कार्यों का शुभारंभ किया जा रहा है. इसमें 700 किलोमीटर का सीवेज नेटवर्क, 171 एमएलडी के 9 सीवेज उपचार संयंत्रों का निर्माण और 1 लाख 21 हजार घरेलू सीवेज कनेक्शन का संयोजन शामिल है.

2 करोड़ की धोखाधड़ी की फाइल दबाने का आरोप

इंदौर. जमीन के नाम पर दो करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी मामले की जांच फाइल डीसीपी ऑफिस में अटक गई है. फरियादी का आरोप है कि एक पुलिसकर्मी जानबूझकर फाइल रोककर अफसरों को गुमराह कर रहा है. मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर तक पहुंच गई है, जिसमें जांच की जा रही है. शहर में दो करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं. फरियादी ने आरोप लगाया है कि तुकोगंज थाना क्षेत्र से संबंधित इस मामले की जांच फाइल डीसीपी ऑफिस में पदस्थ एक पुलिसकर्मी द्वारा जानबूझकर दबाई जा रही है.

लापरवाही पर जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

नशे के काले कारोबार पर तत्काल कार्रवाई की मांग

ग्वालियर, 25 नवम्बर. ग्वालियर में एसआईआर के कार्यों में हो रही लापरवाही, रेत माफिया की बेलगाम मनमानी, यातायात अवरोधों से जन्मी दुर्घटनाओं के साथ-साथ अपराधी राज, गुंडागर्दी, लूट, हत्या, दुष्कर्म छेड़छाड़ तथा नशे के काले कारोबार पर तत्काल कार्रवाई की मांग.

शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में शहर जिला कांग्रेस द्वारा जिलाधीश के नाम एसडीएम अतुल सिंह को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में एसआईआर पर हो रही लापरवाही से लाखों नागरिकों मतदान का हक छीनने का खतरा है, जो लोकतंत्र पर सीधी चोट है. रेत माफिया अवैध उत्खनन कर के कही भी रेत डंप कर देते है, अपनी ट्रॉली और ट्रैक्टर कही भी खड़ा कर देते हैं जिससे सड़कें जाम हो रही हैं और दुर्घटनाओं का सैलाब आ गया है. शहर में अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं गुंडे राज कर रहे हैं, लूटपाट, हत्याएं, दुष्कर्म, छेड़छाड़ की घटनाएं आम हो गई हैं, जबकि नशे का जहर युवाओं की नसों में घुल रहा है. प्रशासन की आंखें बंद हैं, यह जनता के साथ विश्वासघात है.

नए श्रम संहिताओं की कांग्रेस ने की आलोचना

विशेष संवाददाता

भोपाल,25 नवम्बर. मध्य प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी डॉ. मुकेश नायक ने मंगलवार को केंद्र सरकार द्वारा 22 नवंबर 2025 से लागू की गई नई श्रम संहिताओं की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'श्रमिकों के कठिन संघर्षों से अर्जित अधिकारों पर सीधा हमला' बताया.

प्रदेश कांग्रेस समिति कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ. नायक ने कहा कि 29 पुराने श्रम कानूनों को समाहित कर बनाई गई ये चारों संहिताएं 'Ease of Doing Business' के नाम पर लागू की गई हैं, जबकि वास्तव में ये श्रमिकों को असुरक्षा, अस्थिरता और शोषण के नए युग में धकेल देती हैं. उन्होंने कहा कि ये संहिताएं समानता, न्याय और गरिमा जैसे संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन करती हैं. कांग्रेस पार्टी, उन्होंने कहा, श्रमिक वर्ग के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इन संहिताओं को तुरंत वापस लेने की मांग करती है. इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता—एमपीसीसी महासचिव अनुपमा आचार्य, प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता, रवी सक्सेना और विक्रम चौधरी उपस्थित रहे. राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद औद्योगिक संबंध संहिता 2020, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशा संहिता 2020 तथा सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 अब कानून बन गई हैं.

> डॉ. नायक ने बताया कि श्रम मंत्रालय ने अप्रैल 2021 से सभी चार संहिताओं को लागू करने की घोषणा की थी, जिसके तहत 29 केंद्रीय श्रम कानून स्वत: समाप्त हो जाएंगे. उन्होंने आरोप लगाया कि नई संहिताएं श्रमिकों के अधिकारों को गंभीर रूप से कमजोर करती हैं. उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वेतन संहिता की धारा 13 सरकार को न्यूनतम वेतन तय होने के बाद भी कार्य के घंटे निर्धारित करने का अधिकार देती है, जिसके चलते 'सामान्य कार्य दिवस' को 10 या 12 घंटे तक बढ़ाया जा सकता है.

एक नजर में

गुरु तेगबहादुर साहिब जी का 350 साल शहीदी पर्व मनाया

दमोह. सिखों के नौवें गुरु तेगबहादुर साहिब जी का 350 साल शहीदी पर्व मंगलवार को बहुत ही मान सत्कार से दमोह के सिख समुदाय द्वारा मनाया गया. जिसमे प्रात: गुरुद्वारा साहिब में शबद कीर्तन व अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शाम को नगर कीर्तन (शोभायात्रा) का आयोजन किया गया. इंद्रजीत सिंह अरोरा ने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहिब जी हिन्द की चादर थे उन्होंने देश व हिंदू धर्म की रक्षा के लिये अपनी शहादत दी. 1675 में दिल्ली में गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म और मानवता की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति दी.

पूर्व मुख्यमंत्री के भतीजे की सड़क हादसे में मौत

इंदौर,25 नवम्बर. कनाडिया क्षेत्र में सोमवार शाम पैदल जा रहे एक वरिष्ठ बैंक अधिकारी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी. गंभीर रूप से घायल अधिकारी की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है. कनाडिया थाना क्षेत्र में सोमवार शाम हुए सड़क हादसे में बैंक से रिटायर्ड वरिष्ठ अधिकारी 68 वर्षीय नवीनचंद गंगवाल की मौत हो गई. हादसा बिचौली हप्सी इलाके में हुआ, जहां वह घर से दूध लेने के लिए पैदल निकले थे. रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में उन्हें एमवाय अस्पताल पहुंचाया.

कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

जनसुनवाई में आये 93 आवेदन

28 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थ

जबलपुर,25 नवम्बर. कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 93 आवेदन दिये.

जिसमें 65 नये आवेदन हैं तथा 28 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे. जनसुनवाई में आये ज्यादातर छात्रवृत्ति दिलाने, पात्रता पर्ची, अवैध कब्जा, नाली सफाई, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, आर्थिक सहायता, लड़ाई-झगड़ा, समग्र आईडी आदि से संबंधित आवेदन थे.

तालाब से आधी रात को निकल गया सरपंच का शव

उज्जैन. ग्राम कचनारिया में सोमवार शाम स्कार्पियों सहित गांव के सरपंच तालाब में गिर गये. घटनाक्रम सामने आते ही परिवार और गांव वाले एकत्रित हो गये. नरवर पुलिस के साथ एसडीआरएफ टीम सरपंच और गाड़ी को बाहर निकलने के अभियान में लग गये. मशक्कत के बाद आधी रात को स्कार्पियों को बाहर निकाला जा सका. जिसमें सरपंच मौजूद थे लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी. मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया. नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि शाम 4 बजे के लगभग ग्राम कचनारिया के सरपंच ऋतुराजसिंह पिता धीरजसिंह झाला 60 वर्ष की स्कार्पियों घर के समीप तालाब में गिरने की खबर मिली थी.

इंदौर में सांसद के नेतृत्व में भव्य आयोजन

अयोध्या में धर्म ध्वजा के पुन :स्थापन का देशभर में व्यापक उत्साह

इंदौर,25 नवम्बर . अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम मंदिर प्रांगण में धर्म ध्वजा के पुन:स्थापन का देशभर में व्यापक उत्साह देखने को मिला.

इसी क्रम में इंदौर में भी इस ऐतिहासिक क्षण को विशेष रूप से मनाया गया, जहां सांसद शंकर लालवानी के नेतृत्व में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ. विद्याधाम मंदिर में हुए इस आयोजन में अयोध्या से हो रहे लाइव टेलीकास्ट को स्क्रीन के माध्यम से देखा गया. जैसे ही प्रधानमंत्री द्वारा धर्म ध्वजा स्थापित की गई, पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा. इंदौर में हुए इस कार्यक्रम की सबसे विशेष बात 200 से अधिक बटुकों द्वारा किया गया वैदिक ध्वजारोहण रहा. सांसद शंकर लालवानी व माँ राजराजेश्वरी विद्या ललिता देवी मंदिर के चिन्मयानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज आरोहण में सहभागिता की.

पेज एक का शेष

सचिव की अवैध संपत्ति राजसात

को अपना फैसला सुनाया.

न्यायालय ने पाया कि आरोपी पक्ष अपनी अर्जित संपत्तियों के वैध स्त्रोत प्रस्तुत करने में असफल रहा. इस आधार पर कोर्ट ने 71,73,739 मूल्य की चल-अचल संपत्ति को मध्यप्रदेश शासन के नाम राजसात करने के निर्देश दिए. इसके साथ ही कोर्ट ने कलेक्टर, अलीराजपुर को आदेश दिया कि वह संबंधित संपत्ति का अधिग्रहण कर तत्काल शासन के आधिपत्य में ले. अदालत ने टिप्पणी की कि ऐसे मामलों में कठोर कदम आवश्यक होते हैं. क्योंकि भ्रष्टाचार प्रशासनिक व्यवस्था को न केवल क्षति पहुँचाता है, बल्कि समाज में अविश्वास और आपराधिक प्रवृत्ति को भी जन्म देता है. यह फैसला प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामलों पर न्यायालय की सख्त दृष्टि को स्पष्ट करता है और लोकसेवकों के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि अवैध रूप से अर्जित संपत्ति पर कोई संरक्षण संभव नहीं.

केंद्र और राज्यों को नोटिस

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन की दलीलों को संक्षेप में सुना. अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन की सहायता एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड नेहा राठी ने की. इसके बाद न्यायालय ने केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी करते हुए उनसे अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया.

झांसी स्टेशन पर कार्य से कई ट्रेनें प्रभावित

भोपाल,25 नवम्बर . उत्तर मध्य रेलवे, झांसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर वॉशेबल एप्रन हटाकर नई गिट्टी रहित पटरी बिछाने का कार्य किया जा रहा है.

यह कार्य 25 नवंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक चलेगा. निर्माण कार्य के दौरान भोपाल मंडल होकर गुजरने वाली कई ट्रेनें निरस्त, मार्ग परिवर्तित या नियंत्रित रहेंगी. निर्धारित अवधि के दौरान बेंगलुरु-लालकुआं (05073/ 74), हुबली-ऋषिकेश (07363/ 64), रक्सौल-उधना (05559/ 60), यशवंतपुर-ऋषिकेश (06597/ 98), बांद्रा-बरहनी (09043/44), हैदराबाद-गोरखपुर (07075/ 76) सहित कुल 12 ट्रेनें विभिन्न तिथियों में रद्द रहेंगी. हरिद्वार-एलटीटी (12172), कालका-शिरडी (22456)को निर्धारित अवधि में उत्तर मध्य रेलवे पर 90 मिनट तक विलंब से चलाया जाएगा.

अपमानजनक बयान वर्मा ने यह टिप्पणी अंबेडकर मैदान में आयोजित एजेएकेएस प्रांतीय अधिवेशन में अपने संबोधन के दौरान की

कांग्रेस ने आईएएस पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता

भोपाल. कांग्रेस के प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने मंगलवार को एजेएकेएस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समुदाय को लेकर दिए गए कथित आपत्तिजनक और अपमानजनक बयान की कड़ी आलोचना की।

वर्मा ने यह टिप्पणी रविवार को अंबेडकर मैदान में आयोजित एजेएकेएस प्रांतीय अधिवेशन में अपने संबोधन के दौरान की थी। त्रिपाठी के अनुसार, वर्मा ने कहा था कि यदि कोई ब्राह्मण अपनी बेटी को उनके बेटे को दे दे या उससे संबंध बना ले, तो वह आरक्षण समाप्त कर देंगे। त्रिपाठी ने इस टिप्पणी को अत्यंत निंदनीय बताते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज की बेटियां किसी संपत्ति की वस्तु नहीं हैं, बल्कि वे अपनी मेहनत और योग्यता से आगे बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि वर्मा का यह बयान महिलाओं के प्रति सम्मान की कमी और अत्यंत विकृत मानसिकता को दर्शाता है। त्रिपाठी ने यह भी आरोप लगाया कि वर्मा पहले भी कई तरह की अनुशासनहीनता में शामिल रहे हैं और उनके खिलाफ कई जांचें लंबित हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिकारी को अपने बयान के लिए भविष्य में परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।



आईएएस के बयान पर कार्रवाई की मांग

भोपाल. मंत्रालय के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और कार्मिक सचिव एम. सेल्वेन्द्रन को ज्ञापन सौंपकर आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14